शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या : 606-/आठ-5-2023-156विविध/2016

प्रेषक,

अजय कुमार मिश्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2. अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5 **लखनऊ : दिनांक 01 जून, 2023**

विषय : **उ0प्र0 विकास प्राधिकरण सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे रेखाकार, मानचित्रकार, लिपिक, प्रयोगशाला सहायक और सर्वेक्षक (सर्वेयर), जिन्होंने राज्य सरकार या प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से विद्युत एवं यॉंत्रिक में डिप्लोमा प्राप्त किया है, की पदोन्नति अवर अभियन्ता (वि0/यॉं0) के पद पर कराये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा नियमावली, 1985 (यथासंशोधित) के प्राविधानानुसार आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के नियंत्रणाधीन प्राधिकरणों/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे नियुक्त ऐसे रेखाकार, मानचित्रकार, प्रयोगशाला सहायक और सर्वेक्षक (सर्वेयर) जिन्होंने राज्य सरकार अथवा प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से विद्युत एवं यांत्रिक अभियंत्रण में डिप्लोमा प्राप्त किया हो, की पदोन्नति अवर अभियन्ता (वि0/यॉ0) के पद पर पदोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में विचारण की कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवगत कराना है कि प्राधिकरणों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर उ0प्र0 विकास प्राधिकरण सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे रेखाकार, मानचित्रकार, प्रयोगशाला सहायक और सर्वेक्षक (सर्वेयर) कार्यरत नहीं है, जिन्होंने राज्य सरकार या प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से विद्युत एवं यांत्रिकी अभियन्त्रण में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। मात्र लिपिक संवर्ग में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे कार्मिक हैं, जिन्होंने राज्य सरकार या प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से विद्युत एवं यॉंत्रिक में डिप्लोमा प्राप्त किया है। ऐसे कार्मिकों की लिपिक पद पर मौलिक नियुक्ति तिथि के आधार पर स्थिति निर्धारित करते हुए उनका विवरण निम्नवत है :-

क्र0 सं0	पोषक संवर्ग में मौलिक नियुक्ति तिथि के आधार पर क्रमांक	कार्मिक का नाम/ पिता का नाम	पदनाम	तैनाती का प्राधिकरण	जन्मतिथि	मौलिक नियुक्ति की तिथि
1	2		3	4	5	6
1	1	श्री प्रभात कुमार पुत्र स्व0 विद्या नारायण	द्वितीय श्रेणी लिपिक	कानपुर	20.06.1983	04.12.2007
2	2	श्री आशीष सक्सेना पुत्र स्व0 के0सी0 सक्सेना	लिपिक	प्रयागराज	28.03.1971	01.02.2011
3	3	श्री अमित वर्मा पुत्र स्व0 रामनरायण वर्मा	द्वितीय श्रेणी लिपिक	कानपुर	24.09.1985	31.07.2015

Santosh Sir-Go-2023

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त तालिका में अंकित विवरण एवं तदनुसार निर्धारित उक्त कार्मिकों के कम इत्यादि के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धितों से आपत्तियाँ/सुझाव प्राप्त करते हुए शासन को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव के सम्बन्ध में विचारण नहीं किया जायेगा एवं नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही कर दी जायेगी।

भवदीय,

(अजय कुमार मिश्र)
अनु सचिव।